तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025



10 होली आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ उमंग का...





12 श्री राजीव लोचन मंदिर में भगवान से होली खेलने...











## खबर संक्षेप



### बेलटुकरी में राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन 18 को

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चौधरी राकेश टिकैत चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। 18 मार्च को राजिम क्षेत्र के बेलटुकरी गांव में ग्रामीणों द्वारा राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव एवं बेलटुकरी निवासी तेजराम विद्रोही, आदर्श युवा क्लब के अध्यक्ष धनंजय साहू एवं ग्रामीणजन देवनाथ साहू, सावंत राम साहू, लोकेश साहू, अरुण कुमार हिरवानी, मनोज कुमार साहू, मोहन लाल साहू, भूनूराम साहू, ओमकार साहू, उत्तम कुमार, रामप्रकाश देवांगन, खेलावन साहू, ओमकार साहू राजकुमार साहू, चतुर्भुज तारक आदि ने बताया कि दिल्ली सीमा पर किसानों के हित और अधिकार के लिए तेरह महीने तक आंदोलन चलाने वाले और आज भी किसानों के सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए संघर्ष करने वाले राष्ट्रीय किसान नेता का बेलटुकरी गांव में आना और किसानों को सम्बोधित करना हम ग्रामीणों के लिए गौरव का विषय है जिसके नागरिक अभिनन्दन सम्मान के लिए हम आतुर है।

### पंचायत सचिव संघ का विधान सभा घेराव आज




**फिंगेश्वर।** प्रदेश पंचायत सचिव छत्तीसगढ़ के आह्वान जनपद पंचायत फिंगेश्वर के पंचायत सचिवों ने मोदी गारंटी के पूरा नहीं होने पर 17 मार्च को विधान सभा घेराव करने एवं 18 मार्च को जनपद कार्यालय मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं 1 अप्रेल को मंत्रलय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस विषय को लेकर 13 मार्च को जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मुख्यकार्यपालनधिकारी के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है।

इस अवसर पर संघ के सचिव गोविंदराम साहू, सचिव छम्मन पटेल सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### सरपंच संघ की बैठक आज

**छुरा।** सरपंच संघ की आवश्यक बैठक 17 मार्च को दोपहर 2:00 बजे जनपद पंचायत के बैठक हाल में होगा।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** फुलवारी कला की एक महिला के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को बुधिया बाई पति मन्नू राम नेताम ग्राम फुलवारी कला ने बताया कि 14 मार्च की शाम करीबन 5.30 बजे वह अपने घर से बस्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान राधे जगत का लड़का जितेंद्र जगत एवंप खिलेश्वर जगत द्वारा इस रास्ते से आने-जाने के लिए मना करते हुए गाली गलौज और मारपीट करने लगे। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296 ,115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**समस्या :** पंचायत हरदीभाठा में लाखों की लागत से निर्मित शौचालय कोई काम का नहीं

# बजबजाती नालियों में पनप रहे मच्छर से लोग परेशान, बढ़ा बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा को निर्मल ग्राम का दर्जा मिला है लेकिन ग्राम हरदीभाठा के ग्रामीण बजबजाती नाली, किचड़ और नाली से उठते दुर्गंध तथा मच्छरों से बेहद परेशान हो गए है। जनपद कार्यालय से लगे होने के बावजूद इस गांव के ग्रामीणों को मूलभुत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है जो शासन प्रशासन के उदासीन रवैया को बताने के लिए काफी है जब जनपद पंचायत के नजदीक ग्राम पंचायत हरदीभाठा की यह स्थिति है तो दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम पंचायतों की बदहाल स्थिति को तो छोड़ दिजिए। ग्राम पंचायत हरदीभाठा की जनसंख्या लगभग 1500 के आसपास है और स्वच्छ ग्राम पंचायत के रूप में इसे निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्राप्त है वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 में नाली निर्माण नहीं होने से घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं होने से अधूरे पड़े नालियों में पानी जमा होने से मच्छर आदि अनेक कीड़ों मकोड़े पनप रहे हैं जिससे मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है मोहल्ले व गांव के लोगों ने कई बार नाली मरम्मत व साफ- सफाई की मांग कर चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### गांव में सुविधा उपलब्ध कराने शासन से करेंगे मांग

ग्राम पंचायत हरदीभाठा के नवनिर्वाचित सरपंच मालती बाई, उपसरपंच महेश कश्यप एवं पंचों तथा ग्रामवासियों ने ग्राम के सभी वार्डों का पैदल निरीक्षण का बताया गांव में नालियों की सफाई नहीं होने से तथा अधूरे नाली निर्माण के कारण जगह-जगह पानी जाम हो गया है जिससे मच्छार पनप रहा है। संक्रामक बिमारी फैलने का अंदेशा है। उन्होने बताया की पक्की नाली निर्माण एवं गांव में मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराने शासन- प्रशासन से मांग किया जायेगा।



### शौचालय में लटका है ताला

ग्राम पंचायत हरदीभाठा में लाखों रुपए खर्च कर तालाब किनारे शौचालय का निर्माण किया गया है शौचालय निर्माण के बाद से इसमें ताला लगा देने के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है साथ ही शौचालय निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है अब तक शौचालय का उपयोग नहीं हुआ है लेकिन शौचालय के दिवारों में दारारे देखने को मिल रही है। और तो और शौचालय में पानी की सुविधा ही है जिसके कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत गांव को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन ताला लटकने के कारण उपयोग नहीं हो रहा है और कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# प्रेमिका को पाने मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया युवक ढाई घंटे मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में होली पर्व की रात एक युवक ने अपने प्रेमिका को पाने शोले फिल्म की तरह मोबाईल टॉवर में चढ़ गया और जमकर हंगामा मचाने लगा। मोबाइल टावर के ऊपर चढ़कर युवक जब चिल्लाने लगा तब इसकी जानकारी मोहल्ले और नगर के लोगों को हुआ और देखते ही देखते चारों तरफ सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई है। मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा एवं पुलिस प्रशासन मौके पहुंचे और ढ़ाई घंटे कड़ी मशक्कत के बाद युवक को टॉवर से उतारा गया। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर पुराने विडियोहाल के सामने एयरटेल टॉवर में एक युवक होली की रात चढ़ गया और अपनी प्रेमिका को बुलाने की मांग को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा करने लगा जिससे चारों तरफ सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई युवक प्रेमिका को नहीं बुलाने पर टॉवर से कुदने की धमकी देता था मैनपुर पुलिस ने सुझ बूझ के साथ युवक को टॉवर से उतारा तब राहत की सांस ली। टॉवर से उतारने के बाद युवक को थाना में लाकर समझाया गया पूछताछ में युवक ने पुलिस को अपनी आपबीती बताई वह अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने की जिद कर रहा था स्थानीय लोगों के बताया कि होली की रात 8 बजे मोबाइल टावर पर चढ़कर युवक ने खूब हंगामा किया जिसे रात साढ़े 10 बजे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से नीचे उतारा गया इस दौरान उसे देखने गांव वालों की भीड़ भी पहुंच गई थी।



### एकतरफा प्रेम का मामला

मैनपुर एसडीओपी विकास पाटले ने बताया की एक युवक शराब पीकर अपनी प्रेमिका से मिलने की जिद को लेकर मोबाईल टॉवर में चढ़ गया, उन्होने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। पुलिस ने युवक को समझाइश दी और छोड़ दिया, एसडीओपी ने कहा कि यह एकतरफा प्रेम का मामला है।

## उत्साह उमंग के साथ मनी होली...





राजिम। राजिम क्षेत्र में होली उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। गुलाल और रंग के बौछार से सभी जगह लोग रंगे हुए एवं मस्ती करते नजर आए।

## लो-वोल्टेज के कारण सूखने लगी फसल





**छुरा।** ग्राम जटिया तोरा के किसान लो वोल्टेज से परेशान है, उन्होंने विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर कहां की धान की फसल खराब हो रही है उन्होंने तत्काल वोल्टेज बढ़ाने की मांग की है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि लो वोल्टेज के कारण घर के पंखा बल्ब भी ठीक से नहीं चल रहे ⏭ शेष पेज 11 पर



## सचिव संघ का विस घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विधानसभा चुनाव वर्ष 2023–24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में दिनांक 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, महिला बाल विकास विभाग मंत्री तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की गरिमामयी उपस्थिति के बीच सभी महानुभवों द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण करने का ⏭ शेष पेज 11 पर

## 55 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बेचते हुए फिंगेश्वर पुलिस ने एक महिला एवं एक पुरुष आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(2)की धारा के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस ने शराब का बाजार मूल्य 11 हजार आंका गया है।

फिंगेश्वर पुलिस के द्वारा 13 मार्च को जुर्म जरायम पतासाजी के दौरान सूचना मिली की 2 व्यक्ति ग्राम छुईहा के टेड़गा नाला के पास अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब लोगों को बेचकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर मौका घटनास्थल पहुंचकर घेराबंदी करने पर 2 व्यक्ति जिसमें 1 महिला व 1 पुरूष अवैध रूप से हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब लोगों को बिकी करने रखा हुआ था जिसे नाम पता पूछने पर एक व्यक्ति अपना नाम देवानंद ध्रुव उम्र 45 वर्ष तथा दूसरी महिला ने अपना नाम गणेशिया बाई कमार उम्र 35 वर्ष ग्राम छुईहा रहना बताया। उसके कब्जे से चार प्लास्टिक जरीकेन 10 लीटर क्षमता वाली में 40 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब तथा तीन पीला रंग के प्लास्टिक जरीकेन 05–05 लीटर क्षमता वाली में 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब कुल 55 लीटर देशी हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब कीमती 11000 रुपए को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया।

**रंग-गुलाल में सराबोर हुई जिला पुलिस, एसपी रखेचा ने जवानों संग मनाई होली**

# ड्यूटी के बीच रंगों के उत्सव में झूमे जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला मुख्यालय में होली के अगले दिन पुलिस विभाग में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

- पुलिस परिवार के बीच उमड़ा उत्साह, भाईचारे और सौहार्द्र का दिया संदेश

पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में एसपी निखिल कुमार रखेचा जवानों के बीच पहुंचे और उनके साथ होली खेलकर जश्न में शामिल हुए। गुलाल उड़ाते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का है। कार्यक्रम में डीएसपी निशा सिन्हा, एडीशनल एसपी जितेंद्र चंद्राकर, थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को रंग लगाया, पारंपरिक होली गीतों पर झूमे और आनंद लिया। एसपी निखिल राखेवा रखेचा ने कहा की पुलिसकर्मियों का जीवन अनुशासन और कर्तव्य पर आधारित होता है। वे हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हैं, लेकिन ऐसे उत्सव हमें यह याद दिलाते हैं कि हम एक परिवार की तरह हैं। होली भाईचारे और एकता का प्रतीक है, और यह आयोजन हमें नई ऊर्जा देता है। हमारी टीम जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों से हमें मानसिक सुकून और ताजगी भी मिलती है।"



### ढोल-नगाड़ों की धुन पर किया नृत्य

डीएसपी निशा सिन्हा ने कहा की त्योहार केवल परिवार तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे समाज और संगठनों को भी जोड़ते हैं। पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे अपनी ड्यूटी पर रहते हैं, जिससे वे त्योहारों का आनंद ठीक से नहीं ले पाते। लेकिन पुलिस विभाग भी एक परिवार है, और इस तरह के आयोजन हमें एक-दूसरे के और करीब लाते हैं। जवानों की मुस्कान यह दिखाती है कि वे इस पल को कितना जी रहे हैं। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया और होली के पारंपरिक पकवानों का स्वाद लिया। गरियाबंद पुलिस की यह होली भाईचारे और सौहार्द्र की मिसाल बनी, जहां कड़ी ड्यूटी के बीच रंगों की फुहार से नई उमंग और ऊर्जा का संचार हुआ।

### कार की ठोकर से बाइक सवार 3 लोग घायल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में भंवरपुर क्रॉसिंग के पास बाइक में सवार तीन युवकों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला पहिया फट गया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम बड़ेटेमरी निवासी संजय नेताम (25), जगदेव जगत (42) एवं ग्राम पालीडीह सरायपाली निवासी जगसाय जगत (50) के पैर फ्रैक्चर हो गए। घटना की जानकारी 112 को दी गई। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलाइन टोल प्लाजा की 1033 एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची तीनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।


हरिभूमि

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## डॉ. देवादास स्टेट कैंप कांटीजेंटलीडर कृति का स्वयं सेविका के रूप में चयन




**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे को आगामी 21 मार्च से छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष शिविर के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की ओर से स्टेट कैंप कांटीजेंटलीडर नियुक्त किया गया है। यह पहला अवसर है जिसमे डॉ. देवादास बंजारे जिले का एकमात्र कार्यक्रम अधिकारी है, जो राज्य स्तरीय शिविर में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधितत्व करेंगे। शिविर का आयोजन संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर के संगठन व्यवस्था में आयोजित होना है। इसके साथ ही महाविद्यालय की सक्रीय स्वयंसेविका कृति सिन्हा, बीए द्वितीय सेमेस्टर का भी इस शिविर में राज्य शासन द्वारा उत्कृष्ट स्वयंसेवक के रूप में चयन किया गया है, जो कि जिले की प्रतिनिधितत्व करेंगी। कृति सिन्हा ग्राम बोरिद निवासी घनश्याम सिन्हा की सुपुत्री है, जो बचपन से ही होनहार रही है।

## नवसाक्षरों को अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल कराने दिया गया जोर

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित समावेशी शिक्षा गैप एनालिसिस एवं आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) साक्षरता, भारत कमल नारायण चंद्राकर ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 मार्च को परीक्षा महाअभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि नव साक्षरों को अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल कराएं। परीक्षा के लिए सभी प्राथमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सभी शिक्षकों को उल्लास नव भारत साक्षरता का शपथ दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी असाक्षरों का चिन्हांकन कर उनकी जानकारी पोर्टल में दर्ज की गई थी। स्वयंसेवकों द्वारा इन नव साक्षरों को शिक्षित किया गया है, और अब उन्हें परीक्षा में सम्मिलित करना आवश्यक है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा ने भी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करना है।

**पर्व : रंग गुलाल से सरोबर जनक के साथ जमकर थिरके सैकड़ों लोग**

# होली आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ उमंग का त्योहार है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के पैरी सदन निवास नहनबिरी मैनपुर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पहली बार होली मिलन समारोह में सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी, व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी वरिष्ठ नागरिकगण और पूरे बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए सुबह 10 बजे होली मिलन समारोह का शुभारंभ विधायक जनक ध्रुव द्वारा नगाडा बजाकर किया गया तो नगाडे के थाप में विधायक जनक ध्रुव के साथ सभी ग्रामीण जमकर थिरके। इस दौरान विधायक जनक धुव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, अरुण सोनवानी द्वारा बहुत जबरदस्त फाग गीत गाया गया और उपस्थित लोगो को उनके फाग गीत नाचने और झुमने के लिए मजबूर कर दिया, छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने सुबह 11:00 बजे से विभिन्न छत्तीसगढ़ी गानों में जमकर थिरके और उपस्थित सैकड़ों लोगों को थिरकने को मजबूर कर दिया, देर शाम 05 घंटे तक विधायक निवस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विधायक धुव्र ने कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ साथ उमंग का त्यौहार है, इसे सभी धर्म जाति के लोग पुरी आत्मीयता के साथ मनाते है, आज सभी यहां खुशियों के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं होली त्यौहार आपसी मतभेद को भुलाकर गले मिलने का त्योहार है। भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य देवेंद्र राजपूत ने कहा होली मिलन समारोह एक अच्छी परंपरा है। जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, नगर पंचायत देवभोग अध्यक्ष राजेश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण सोनवानी, महामंत्री गेंदु यादव कहा कि होली का त्यौहार सदियों से भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है जहां भेदभाव मिट जाते हैं और लोग आपसी स्नेह उल्लास और उमंग के रंगों में घुल-मिल जाते हैं।

- छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने जमकर धूम मचाया




### एक-दूसरे के जीवन में खुशियों के रंग भरें : नेगी

आदिवासी कांग्रेस के गरियाबंद जिला अध्यक्ष खेदू नेगी ने कहा की हम सभी होली के पावन पर्व को प्रेम, सौहार्द और आनंद के साथ मनाएं, एक-दूसरे के जीवन में खुशियों के रंग भरें और छत्तीसगढ़ की समरसता और एकता को और अधिक सशक्त बनाएं। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत देवभोग के अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, जनपद सदस्य देवेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेदु यादव, निहाल नेताम,दिलिप साहू,हुलार सिंह ठाकुर, आलोक गुप्ता, हरेंद्र कुटारे, जाकिर रजा, मैनपुर सरपंच हनीता नायक,भाठीगढ सरपंच पुष्प देवी नेगी, मैनपुर कला सरपंच गज्जू नेगी, जिडार सरपंच मुकेश कपील, हरदीभाठा सरपंच मलती बाई, देहरगुडा सरपंच महेश दिवान, चित्रांश ध्रुव, खेलन साहू, हबीब मेमन, परेश्वर नेगी, बृजलाल सोनवानी, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, जिला उपाध्यक्ष टीकम सिंह कपील,डाकेश्वर नेगी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, दामु सोरी, दैनिक राम मंडावी, केशु सिन्हा, चित्रसेन साहू, रामभरोसा, पवन जगत, लोकनाथ साहू, भानु ध्रुव, इतवारी ध्रुव, ईश्वर नागेश, विश्राम नागेश, संजय कश्यप, छोटू कश्यप, ठाकुर राम यादव, बलराम दीवान, सुधिर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## रंगों में सराबोर हुआ जिला, धूमधाम से मनी होली, प्रशासन रहा मुस्तैद



### कॉलोनियों से लेकर सड़कों तक रंगों की हुई बरसात, हर कोई उत्सव में सराबोर नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलोनियों से लेकर सड़कों तक रंगों की बरसात हुई और हर कोई इस उत्सव में सराबोर नजर आया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर होली की मस्ती का आनंद लिया। होली के एक दिन पहले रविवार की शाम को होलिका दहन हुआ, जिसके बाद से ही जिले में होली की उमंग दिखने लगी थी। सुबह होते ही गली-मोहल्लों में बच्चों की टोलियां रंग और गुलाल लिए निकल पड़ीं। /"होली आई रे कन्हाई और रंग बरसे जैसे गीतों पर लोग झूमते नजर आए। गरियाबंद जिला मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। गांवों में पारंपरिक तरीके से होली खेली गई, जहां ढोल-मंजीरे की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर लोगों ने आपसी भाईचारे का परिचय दिया। पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रही। पुलिस प्रशासन की सतर्कता के चलते किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। हालांकि, कुछ जगहों पर हल्की-फुल्की नोकझोंक हुई, लेकिन माहौल जल्द ही सामान्य हो गया। होली के इस रंगारंग पर्व ने जिले को एक रंग में रंग दिया, जहां हर कोई अपनी खुशी को खुलकर मना रहा था।



# होली मिलन समारोह में सरपंच लता-लखनलाल का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत तर्री के नवनिर्वाचित सरपंच लता-लखनलाल सिन्हा द्वारा होली मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर में रखा गया था। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदुलाल साहू ने कहा कि रामराज्य की कल्पना गांवों से होगी। गांव का विकास भवन, सड़क, नाली , निर्माण से ही नहीं हो सकती। बल्कि ग्रामीणों के एकता, भाईचारा, और परस्पर सहयोग की भावना भी होनी चाहिए। इसके लिये ग्रामों के मुखिया, ग्राम पंचायत के सरपंचों को आगे आकर पहल करनी होगी। प्रत्येक घरों में जाकर बैठे बातचीत करें। उस गांव के प्रमुख लोगों की बैठक कर चर्चा करें। कि गांवो में शांति,सदभाव , परस्पर एकता में कैसे बांधकर रखें। श्री साहू ने आगे कहा कि आदर्श गांव बनाने के लिए नशामुक्ति अभियान भी चलाना होगा। भारत को विश्व गुरु बनाने हम सभी को काम करना होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के विकास के लिए हम सभी मिलकर काम करेंगे। जिससे राजिम के गौरव बढ़ेगा। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकर थे। इस समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, तर्री सरपंच लता-लखन सिन्हा का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कविता सुनाकर लोगों को लोटपोट कर दिया। नवदीप जन कल्याण समिति नगर विकास मंचके अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का डायरी पेन भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम मेघवानी ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता आशीष शिंदे, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, विक्रम मेघवानी, लखन सिन्हा, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम साहू, स्वर्णलता यादव, योगेश्वर पुरी, बसंत शर्मा, पार्षद गण भरत यादव,अजय पटेल, सोमनाथ पटेल, सुरेश पटेल, मधु नत्थानी, खुशी साहू, एनके तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, कमलनारायण साहू, मोती साहू,मोहन साहू, सुनील देवांगन, डाक्टर केआर सिन्हा, योगिता सिन्हा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सिन्हा परिवार ने इस अवसर पर अपने जीत के खुशी में बहुत शानदार भोज दिया जिसमें सारे लोग शामिल हुए।



### पालिका अध्यक्ष ने लड्डु गोपाल की पूजा की



**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू पूरे धार्मिक रीति-रिवाज एवं परंपरा को निभाते हुए भगवान लड्डु गोपाल जी की पूजा-अर्चना कर परिवार के साथ होली मनाया।

# महिलाओं को स्वयं होना पड़ेगा सशक्त, जिससे अपने कर्तव्यों का कर सके निर्वाह : डॉ. बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर में विगत दिनों महिलाओं के अधिकार, सम्मान एवं दायित्वों के प्रति जागरूकता हेतु अन्तरर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिंगेश्वर थाना की महिला प्रधान आरक्षक संकल्प साहू उपस्थित रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवदास बंजारे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन व संचालन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अलका कौशिक के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. कमलेश्वर प्रसाद निषाद ने सदन को संबोधित करते हुए अन्तरर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष किया था, जिसका परिणाम यह है कि आज विश्व स्तर पर नारियों कि सम्मान में 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कि रूप में मनाया जाता है। डॉ. देवदास बंजारे ने कहा कि महिलाओं को स्वयं अपने आप में सशक्त होना पड़ेगा जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। फिंगेश्वर थाना की महिला प्रधान आरक्षक संकल्प साहू ने कहा कि इस विज्ञान व तकनीकी युग में भी बहुत ती महिलाएं अपने अधिकारों से अनभिज्ञ है जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अनेक प्रकार के दुव्यवहार व प्रताड़ना को सहना पड़ता है। प्रो. रितेश गोलछा ने कहा कि महिलायें हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकल गई है। डॉ. अलका कौशिक ने कि केवल एक दिन महिला दिवस मना लेना महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट नहीं करता अपितु हमें हमेशा महिलाओं के प्रति समान व आदर्श व्यवहार करना चाहिए। अतिथि प्राध्यापक ममता देवांगन ने कहा कि प्रत्येक महिला को अपने आप को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। अंजली देवांगन ने कहा कि शिक्षा की शक्ति शारीरिक शक्ति से सर्वोपरि होती है। डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि नारी तो संघर्ष की पर्याय होती है जो अपने परिश्रम से समाज में सर्वोच्च सम्मान अर्जित करती है। कार्यक्रम में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर कि छात्र-छात्राओं के अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अतिधि प्राध्यापक देवेंद्र पटेल, देवश्री कुर्रे तथा गैर शैक्षणिक स्टॉफ सदस्य हीरा सिंह, कोमल निषाद, परमानंद यादव, तेजराम सोनवानी व प्रतिभा निषाद ने काम को सफल बनाने में योगदान दिया।




फिंगेश्वर कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# कलार समाज नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

कलार समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुति का आयोजन किया ग्राम सेंदर में किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक रोहित साहू का सेंदर आगमन पर स्थानीय भाजपा नेता रामाधार साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने स्वागत किया। उसके बाद कलार समाज के वार्षिक कार्यक्रम स्थल विद्या मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां समाज की ओर से जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा, मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, कार्यक्रम मंच संचालक राजकुमार सिन्हा ने स्वागत कर मुख्य मंच लाए गए। विधायक ने कलार समाज के इष्टदेव भगवान सहत्राबाहूअर्जुन, माता बहादुर कलारिन की पूजा अर्चना की और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक साहू ने कहा कि कलार समाज नई उचाईयों की ओर अग्रसर हो रहा है कलार समाज ने एकता और अखंडता का एक मिशाल पेस किया है। मेहनत और ईमानदारी कलार समाज की पहचान है। जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की के नए सोपान गढ़ रहा है। ये विशेषता समाज में आगे भी बने रहना चाहिए। इसके साथ ही अन्य समाजों को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता कलार समाज समाज में निहित है। क्षेत्र, राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए ये गुण जरूरी है। इस समाज में लोग मिल-जुलकर रहते हैं और एक-दूसरे के प्रति उत्तरदायित्व रखते हैं जो प्रशंसनीय है। मेरा कलार समाज से आत्मीय सबंध है। यह आयोजन का परम्परा प्रतिवर्ष होना चाहिए। समाज की मांग पर विधायक रोहित साहू ने 6.50 लाख की घोषणा की। वहीं फिंगेश्वर कन्या शाला बहादूर कलारिन के नाम से संचालित है उसमें त्रृटि सुधार कर माता बहादुर कलारीन करने कलेक्टर गरियाबंद को निर्देशित करने की बात कही है। आगे भी हर सम्भव प्रयास करने सहयोग का भरोसा दिलाया।

- समाज की मांग पर विधायक ने 6.50 लाख रुपए की घोषणा की




### प्रतिभावान विद्यार्थी व जनप्रतिनिधि सम्मानित

आयोजन की रूपरेखा अनूरूप नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि पंच, सरपंच, जनपद, जिला सदस्य एंव ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वार्षिक परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित किया है का सम्मान किया गया। वहीं समाज सेवा एंव आमंत्रित अतिथियों का भी समाज द्वारा सम्मान किया गया। समाज को जिला अध्यक्ष अवध राम सिन्हा, परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, मंच संचालक राजकुमार सिन्हा ने सम्बोधित किया। उल्लेखनीय है कि कलार समाज के परिक्षेत्र, ग्राम प्रमुख, विभिन्न प्रकोष्ठ सहित 22 गांव के सामाजिक बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता कलार समाज जिला अध्यक्ष अवध राम सिन्हा, परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, अतिविष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता रामाधार साहू, सरपंच गामनी राकेश घृतलहरे, अध्यक्ष विद्या मंदिर सेंदर रामु राम साहू, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, गैंदराम सिन्हा महिला मंच अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा, जनपद सदस्य रूखमणी खेमराज सिन्हा, भागवत कन्हैया सिन्हा, घसिया राम सिन्हा सेंदर, ललित राम डड़सेना फिंगेश्वर, अवध राम सिन्हा बोरस, डंकू राम सिन्हा चरौदा, परदेशी राम सिन्हा छुईया चेतन सिन्हा, दूर्गाप्रसाद सिन्हा इत्यादि जनप्रतिनिधि समाजिक उपस्थित थे।

## अमितेष धर्मपत्नी के साथ पहुंचे राजिम, मंदिर में की पूजा-अर्चना

**राजिम।** होली में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल अपनी धर्मपत्नी देव्यानी शुक्ला के साथ राजिम पहुंचकर भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन कर पूजा किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उन्होने रंग गुलाल खेला। कांग्रेसजनो से मुलाकात किया। मंदिर परिसर में उनकी भेंट पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू से हुई। मौके पर कांग्रेस नेता सुनील तिवारी, रामकुमार गोस्वामी, रामकुमार साहू सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे कांग्रेसी, नहीं मिला एक भी मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कोपरा गौशाला में 40 गायों की मौत की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व पीसीसी चीफ एवं पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल और पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर 12 मार्च को कोपरा पहुंचे। गौशाला का निरीक्षण और स्थानीय लोगों से चर्चा के बाद उन्होंने बताया कि गौ माता की भयावह मौत प्रशासनिक लापरवाही और नगर पंचायत की अनदेखी का नतीजा है। गौ रक्षा की बातें करने वाली सरकार और नगर पंचायत प्रशासन ने इस गौशाला को भूख और प्यास का नरक बना दिया, जहां धीरे-धीरे मवेशी दम तोड़ते गए। अब जब मामला उजागर हो गया, तो प्रशासन बची हुई गायों को चुपचाप शिफ्ट कर चुका है। कांग्रेस की तीन सदस्यीय जांच समिति धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल और विनोद चंद्राकर जब गौशाला का निरीक्षण करने पहुंची, तो वहां एक भी मवेशी नहीं मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन ने चोरी-छिपे सभी मवेशियों को कहीं और भेज दिया, ताकि मौतों का असली कारण उजागर न हो सके।

स्थानीय नगर पंचायत को गौशाला की बदहाली की पूरी जानकारी थी, लेकिन उसने कोई कदम नहीं उठाया। पशुओं के लिए चारा-पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई। यह कोई अचानक हुई घटना नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे भूख और प्यास से तड़पकर मवेशी मरते रहे, और नगर पंचायत हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल ने कहा की भाजपा सरकार सिर्फ गायों की रक्षा की बातें करती है, लेकिन हकीकत कोपरा गौशाला में दिखी, जहां प्रशासन और नगर पंचायत की लापरवाही ने मवेशियों को तिल-तिलकर मरने पर मजबूर कर दिया।

**प्रशासन मामले दबाने में जुटा, अब तक कोई कार्रवाई नहीं-** जब नगर पंचायत प्रशासन की विफलता उजागर हुई, तो अब मामले को दबाने के लिए लीपापोती की जा रही है। प्रशासन गायों की मौत के असली कारणों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू ने प्रशासन की इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक सुनियोजित अपराध है। प्रशासन ने पहले गायों को भूख से मरने दिया और अब मामले को छुपाने की कोशिश कर रहा है।



**कांग्रेस ने की सख्त कार्रवाई की मांग, जनता में आक्रोश**

जांच समिति जल्द ही अपनी पूरी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी, जिसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी। स्थानीय लोग और पशु प्रेमी संगठन शासन और नगर पंचायत प्रशासन की जवाबदेही तय करने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन दोषियों पर कार्रवाई करेगा या हमेशा की तरह मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा? जनता जवाब चाहती है, लेकिन क्या सरकार और नगर पंचायत जवाब देने के लिए तैयार हैं।

## एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** घोड़ारी स्थित राठी पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घोड़ारी निवासी राजकुमार जांगड़े को राठी पेट्रोल पंप के सामने कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 9310 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया जिससे उसके सिर, जबड़े, आंख के पास चोट लगी। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल महासमुंद ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद मृत घोषित कर दिया।

पेज 9 के शेष...

### लो-वोल्टेज के...

हैं एवं पीने के पानी की समस्या भी बनी हुई है उनके निराकरण के लिए ग्रामीण विद्युत विभाग पहुंचे और धान की फसल दिखाते हुए कहा कि अगर अभी वोल्टेज नहीं बढ़ा तो कम से कम 50 से 60 एकड़ का फसल खराब हो जाएगा और कुछ दिनों बाद पानी देने पर धान पुनः अपने स्थिति पर नहीं आएगा। उन्होंने वोल्टेज बढ़ाने की मांग की है प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत उपसरपंच राधेश्याम नेताम, किसान संघ के फनेन्द्र साहू, टकेश्वर, मनी राम, भगवान सिंह, गणेश राम, बीजू नेताम, नंद कुमार, दुजराम, केसराम है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता उमेंद्र सिंह दीवान ने कहा कि पीपरछेड़ी से रसेला तक के विद्युत लाइन खींची जा रही है विद्युत लाइन पूर्ण होने के बाद मार्च के अंत तक लो वोल्टेज की समस्या से निराकरण होगा।

### सचिव संघ का...

भरोसा दिया गया। वहीं बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित है। इसलिए प्रदेश पंचायत सचिव संघ के द्वारा दिनांक 10 मार्च को धर्मनगरी कवर्धा में बैठक कर निर्णय लिया गया कि दिनांक 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हडताल तथा 21/04/2025 को मंत्रलय घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिव संघ मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलाल ध्रुव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम मैनपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी मैनपुर को ज्ञापन सौंपकर 17 मार्च से विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने संबंधित ज्ञापन सोपा है इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सचिव संघ पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम लाल ध्रुव उपाध्यक्ष अनिल नेताम, भूपेंद्र यादव संतोष गुप्ता, त्रिवेणी नागेश, दसरू जगत ,शालिक पटेल, डोमेश्वरी महिलांगे, रामेश्वर ध्रुव, ओमप्रकाश कोमर्रा, योगेन्द्र यादव आदि पंचायत सचिव उपस्थित थे।

















संकलनकर्ता- शेख हसन खान, मैनपुर संवाददाता हरिभूमि, जिला-गरियाबंद, मो. 9179680573

## खबर संक्षेप



### अमलीपदर में खेली गई जमकर होली

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में होली का पर्व परम्परा अनुसार धुमधाम के साथ मनाया गया। मैनपुर अमलीपदर में भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में होली का पर्व धुमधाम के साथ मनाई गई। कथावाचक पं. युवाराज पाण्डेय द्वारा फाग गीत गाया गया जिस पर सैकड़ों लोग थिरक उठे पूरे क्षेत्र में होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

### मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों की गई जांच

**महासमुंद।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नम्रता चौबे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरायपाली तथा हरिशंकर पैकरा, अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में ज्योति भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए 12 मार्च को सरायपाली विकासखंड के कुल 04 खाद्य प्रतिष्ठानों मेसर्स क्षीरसागरम स्वीट्स से खाद्य पदार्थ फुट कसाटा, मेसर्स महालक्ष्मी स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेड़ा एवं बेसन लड्डू, मेसर्स सामंतराय होटल से खाद्य पदार्थ चमचम, मेसर्स अमृत होटल से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संकलित किया गया। उक्त खाद्य नमूना को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी, रायपुर को प्रेषित किए गए है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में श्रीधर पंडा, तहसीलदार, सरायपाली एवं नगरपालिका तथा राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। होली के त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थो जैसे मिठाईयां, खाद्य तेल, आटा, बेसन, मैदा, कोल्ड ड्रिंक, मिर्च व हल्दी पाउडर, नमकीन आदि जांच की गई। का खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा माह मार्च 2025 में कुल 27 खाद्य पदार्थो का नमूना संकलित किया गया है। साथ ही तले हुए खाद्य पदार्थो को अखबारी पेपर में नहीं परोसने एवं अखाद्य रंग का प्रयोग खाद्य पदार्थ में नहीं करने तथा फर्म में उचित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### आयुष्मान से गड़बड़ी, 3 निजी अस्पताल इम्पैनल से बाहर

**महासमुंद।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई निजी अस्पतालों के विरूद्ध अनावश्यक अधिक राशि वाले पैकेज ब्लॉक करने, ओपीडी के मरीजों को अनावश्यक आईपीडी में ब्लॉक करने, बिना मरीज के पैकेज ब्लॉक करने, बिना विशेषज्ञ व सुविधा के ही इलाज करने सहित कई तरह की शिकायतों के बाद जिले के जिला मुख्यालय के आदित्य हॉस्पिटल और सरायपाली के ओम हॉस्पिटल व भारती हॉस्पिटल को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पतालों से पिछले कुछ माह से छोटी बीमारियों को बड़ा बताकर आयुष्मान से रुपए गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। पखवाड़ेभर पूर्व ही केंद्रीय जांच टीम ने इन अस्पतालों के रिकॉर्ड की जांच की थी जिसके बाद गड़बड़ी का खुलासा हुआ। गुरुवार को फर्जीवाड़ा कर रहे जिले के तीन अस्पतालों को इस योजना के इम्पैनल से बाहर कर दिया गया। दरअसल, आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों का उपचार करने वाले सरकारी अस्पतालों को भी पैकेज की राशि दी जाती है। बता दें कि राज्य शासन द्वारा कुछ बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में ही कराने का प्रावधान किया गया है। इनमें नेत्र आपरेशन, दंत रोग, गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन, पाइल्स समेत दर्जनों रोग शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत जिन भी बीमारियों का इलाज किया जाता है।

**पर्व : विधायक रोहित ने बजाए नंगाड़े नपा अध्यक्ष महेश ने गाए फाग गीत**

# श्री राजीव लोचन मंदिर में भगवान से होली खेलने श्रद्धालुओं का लगा तांता


हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

रंगो के त्योहार होली में इस बार उत्साह कुछ ज्यादा ही छलक आया। शहर का एक-एक चप्पा, एक-एक गली, एक-एक घरो में लोग जी भरकर न केवल एक -दूसरे को गुलाल लगाए बल्कि रंगों की बौछारें देखने को मिली। हर किसी का चेहरा कई तरह के नीले, पीले, हरा, लाल, सिंदुरी कलर के गुलालों से पुता हुआ था। किसी का कोई चेहरा समझ में नहीं आ रहा था और तो और बाजार में बिकने वाले तरह-तरह के बाल,मुंछ, टोपी, कैप, मुखौटे लगाकर लोग विचरण कर रहे थे। राजिम की होली वैसे भी प्रदेश का सबसे बड़ा माना हुआ होली कहलाता है। प्रयागराज राजिम में होली खेलने के लिए लोग लाखो की संख्या में पहुंचते है। इस बार की भीड़ तो पिछला सारा रिकार्ड तोड़कर रख दिया। लाखों की संख्या में लोग पहुंचे। बता दें कि सुबह से दोपहर तक स्थानीय लोग एक दूसरे से मिलते हुए गुलाल लगाकर अपने प्रेम स्नेह का इजहार करते रहे। स्थानीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के यहां सुबह से समर्थको की भीड़ लगी हुई थी। दोपहर 3 बजे के बाद आस-पास के सैकड़ो गांव से बड़ी संख्या में होली खेलने के लिए लोग पहुंचे। यह भीड़ सीधे श्री राजीव लोचन मंदिर में भगवान को गुलाल अर्पित करने के बाद नंगाड़े की थाप पर जमकर ठुमकने लगे। इस दौर में राजिम विधायक रोहित साहू अपने सैकड़ो समर्थको, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होने भगवान श्री राजीव लोचन की पूजा-अर्चना और गुलाल अर्पित कर समूचे क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। एक तरफ नगाड़े की धुन में फाग गीत के साथ भीड़ में खड़े लोग जमकर नाच-गा रहे थे, वहीं कई तरह के गुलाल उड़ाए जा रहे थे। विधायक रोहित साहू से रहा नही गया वे नंगाड़ा बजाने के लिए उतर आए और इसी के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव फाग गीत शुरू कर दिए फिर क्या था रंग और जम गया। इस दौर में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, महासमुंद के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, नगर पंचायत राजिम के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, नगर पालिका नवापारा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू,ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, तर्री के सरपंच लता-लखनलाल सिन्हा सहित सभी राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में मौजूद थे।

**नगाड़े की थाप पर गुलाल की बौछारे लगाते नाचते रहे होलियारे**







### भगवान का हुआ आकर्षक श्रृंगार

भगवान श्री राजीव लोचन का श्रृंगार साक्षात श्रीकृष्ण के रुप में किया गया था, जो काफी आकर्षक लग रहा था। भक्तों की लाईन दोपहर 3 बजे से देर रात तक लगी रही। हरेक भक्त भगवान की ओर गुलाल उड़ाकर, दर्शन पाकर आपने आपको धन्य मान रहे थे।



### विधायक रोहित का हुआ स्वागत

**राजिम।** विधायक के गृहग्राम पीपरछेड़ी में होली पर्व काफी धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही विधायक रोहित साहू का काफिला गांव पहुंचा पूरे ग्रामवासियों ने विधायक साहू का फूल माला और गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक की धर्मपत्नी भुनेश्वरी देवी साहू भी मौजूद थी।



### परंपरागत रूप से मनाई गई होली

**छुरा।** ग्राम लोहझर के श्री राधा कृष्ण मंदिर सरकारी पारा सहित विभिन्न स्थानों पर होली उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से लोग से परिवार गोबर कंडा, नारियल, चावल, घी, गुलाल लेकर होलिका दहन स्थान पहुंचे जहां पर लोगों ने होलिका दहन की परिक्रमा कर नारियल घी, चावल को समर्पित किया एवं वहीं पर लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मिलन निषाद, मनीराम ध्रुव, रोशन काकड़े गणेश यदु, मया पटेल, दशरथ वर्मा, राजेश यादव, परमेश्वर यादव, कुलेश्वर साहू, हेमलाल पटेल, शंकर यदु, ईश्वर साहू, ओम प्रकाश यादव, चमन पटेल, मोती साहू, कमल सेन, कान्हा यादव, विश्वराज यादव, पुष्पराज यादव, ठाकुर राम साहू, हरक साहू, योगेश यादव सहित आसपास के लोगों ने पर चढ़कर फाग गायन किया



### नगर में शांतिपूर्ण ढंग से मनी होली

**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में होलिका दहन एवं होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। पुलिस के गस्त के चलते होली में छुटपीट हुड़दंगी के चलते शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। नगाड़ों की ताल पर होली गीतो का जलवा रहा। रंगो को पर्व होली पर्व की अपनी प्राचीन मान्याताएं है जिसको लेकर आज भी उन मान्यताओं एवं परंपराओं का लोग निर्वहन करते हुए अंचल मे होली पर्व प्रेम सौहार्द एवं भाईचारे की भावना से मनाया। 14 मार्च को होली पर्व के दिन हाथों मे रंग गुलाला लेकर एक- दूसरे के घरों मे जाकर रंग लगाकर लोगों ने होली पर्व की बधाई दी। घरों में मित्रों एवं परिजनों को मिठाई सहित अन्य पकवान परोसे गए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा भागवत हरित, रामू राम साहू, पत्रकार दीपक पोद्दार, कुंजन लाल साहू, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, वरिष्ट नागरिक केसी प्रजापति आदि लोगों ने होली खेली। सिंचाई कॉलोनी में भी नगाड़े के थाप के साथ मित्र मंडलियों ने होली गीत गाकर नगाड़ा की धून मे नाच गाना कर आनंद लिया।

## गांव-गांव में रही होली पर्व की धूम

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के गांव-गांव में होली की धूम रही। ग्राम कौंदकेरा, लफंदी में होली का त्योहारधूमधाम से मनाया गया। कौंदकेरा में जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू से मिलने के लिए उनके क्षेत्र क्रमांक 2 से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक पहुंचे और जिला पंचायत सदस्य को गुलाल लगाया। इसी तरह ग्राम लफंदी में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू को गुलाल लगाने जनपद क्षेत्र के बहुत सारे गांव के लोग तथा सरपंच और जनपद सदस्य गुलाल लगाने पहुंचे। ग्राम बोरसी में पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू को गुलाल लगाने उनके समर्थक पहुंचे। कमोवेश इसी तरह किरवई, भैंसातरा, रांवड़, सुरसाबांधा, श्यामनगर, सेम्हरतरा, बेलटुकरी, कोमा, कुम्ही, चौबेबांधा, तर्रा,कुरूसकेरा,जेंजरा,मुड़तराई, धूमा,परतेवा, देवरी, बोरसी, पितईबंद, बकली,धमनी, बासीन, सहित सभी गांव में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। युवा डीजे पर झुमते नजर आए।



### बिजली स्कूल में होली उत्साह से मना



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और उमंगों का त्यौहार है। यह बुराई रुपी कचरे को जलाकर अच्छाई रूपी ज्ञान विकसित करता है। रंगों का यह पर्व अन्याय, अत्याचार, द्वेष, छल-कपट को भस्म कर न्याय, सदाचार, प्रेम, आनंद एवं निश्चल, निर्मल वातावरण सृजन का संदेश देता है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी 20 मार्च से नवमी एवं ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा होने वाली है। अतः आप सभी सकारात्मक सोंच रखते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं तो निश्चित सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### भाजपा नेता देवांगन ने खेली होली



**नवापारा-राजिम।** होली के अवसर पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने अपने मित्रों और क्षेत्र के युवाओं व शुभचिंतकों के साथ जमकर होली खेली। होली के दिन सुबह किशोर ने अपने घर आए विभिन्न जनप्रतिनिधियों और समर्थकों के साथ रंग गुलाल लगाकर होली खेलते हुए उनका मुंह मीठा कराया। इसके बाद नगर में अपने मित्रों के साथ जमकर होली खेली। इसके बाद देवांगन अपने चुनिंदा समर्थकों के साथ अंचल के विभिन्न ग्राम पहुंचे और वहां युवाओं व शुभचिंतकों के साथ जमकर होली खेली। साथ ही वहां फाग गा रहे मंडलियों के बीच बैठकर जबर्दस्त तरीके से नगाड़ा बजाकर लोगों को हैरान करते हुए उनकी खुशी दुगुनी कर दी।




### बारूला स्कूल में बच्चों एवं शिक्षकों ने खेली होली

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारुला में रंगों का पर्व होली धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ बच्चों एवं शिक्षक साथियों ने मनाया। होली पर्व के अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव ने कहा कि होली का त्योहार हमारे जीवन में रंगों की खुशियां और प्रेम के महत्व को दर्शाता है। यह त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है और हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव रखने की प्रेरणा देता है। होली का पर्व सामाजिक एकता और संस्कृति धरोहर का प्रतीक है जो हमारे समाज को और भी मजबूत और खुशहाल बनाता है। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों नगाड़े बजाए वहीं पर अपने शिक्षकों का रंग लगाकर आशीर्वाद लिया। वहीं पर बच्चों को शिक्षको ने भी रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव, मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, रितु ध्रुव, कमलकान्त सेन आदि उपस्थित थे।

## क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

**रसेला।** अंचल में रसेला सहित होली का पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक मनाया गया। गुरुवार रात को शुभ मुहूर्त पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर होली जलाई गई। दूसरे दिन होलिका दहन का बैगा, ग्राम पटेल और ग्राम प्रमुखों ने पूजा अर्चना कर जलते अंगारों पर नंगे पैर चलने की अनोखी परंपरा को निभाया गया। इस परंपरा वर्षा से चली आ रही, इस परंपरा के लिए लोगों को होली का हर साल इंतज़ार रहता है। इस अंगारों पे छोटे बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग तक चलते हैं। ग्रामीणों का दावा है कि इतने गरम अंगारों पर चलने के बाद भी न तो पैर छाले पड़ते हैं और न ही किसी तरह की कोई तकलीफ़ होती है। शुक्रवार को सुबह से ही लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर पारिपरिक उत्साह के साथ रंगों का त्योहार मनाते नजर आए। ग्राम में चहुंओर रंगों की फुहार के बीच नागड़ा की धुन पर युवा नाचते दिखे, और हर तरफ खुशनुमा माहौल देखने को मिला। गांव की हर गली-मोहल्ले बुरा ना मानो होली है की गूंज सुनाई देती रही। नागड़ा, ढोल मंजीरे की थाप पर फाग गाते हुए ग्राम प्रमुख और युवाओं की टोली गली भ्रमण पर निकल पड़ी। मित्रों व चाहने वालों को रंग में सराबोर कर सभी ने खूब लुत्फ उठाया। होली पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का उल्लास देखते ही बन रहा था। नीला, पीला,हरा, गुलाबी, कच्चा पक्का रंग में रंगे नागरिक गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते रहे। इस अनूठे पर्व को मनाने में महिलाएं और बच्चियां भी पीछे नहीं रही। उन्होंने भी ग्रुप बनाकर होली खेली।



# मथुरा गांव में बिना पानी के सिर्फ रंग और गुलाल से खेली गई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जब होली की बात होती है, तो रंगों में भीगना और पिचकारियों से पानी उड़ाना सबसे पहले दिमाग में आता है। लेकिन छत्तीसगढ़ के मथुरा गांव की होली इस मामले में अनोखी है। यहां न पानी बहता है, न केमिकल रंगों का इस्तेमाल होता है। सिर्फ गुलाल उड़ता है, और 5 दिन तक पूरा गांव रंगों की एक अलग ही दुनिया में डूबा रहता है। इस अनूठी परंपरा की शुरुआत राधाकृष्ण मंदिर से होती है। होली से पांच दिन पहले भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर से बाहर निकाला जाता है और पूरा गांव भगवान के सामने गुलाल से होली खेलता है। इसके अगले दिन रामनवमी को शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें पूरा गांव शामिल होता है। यह यात्रा पूरे गांव का भ्रमण कर वापस मंदिर लौटती है। इस दौरान हर गली और चौक भक्ति और उल्लास में डूब जाता है। मथुरा गांव की होली सिर्फ रंगों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें नाटकों और लोक कलाओं का भी खास महत्व है। हर रात गांव के लोग नाट्य मंचन करते हैं, और मजेदार बात यह है कि महिला किरदारों का अभिनय पुरुष ही करते हैं। बुजुर्ग कलाकार युवाओं को अभिनय की बारीकियां सिखाते हैं, जिससे गांव की ये परंपरा हर पीढ़ी में आगे बढ़ती जाती है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस पूरे आयोजन के लिए कोई चंदा नहीं लिया जाता गांव का राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट हर साल करीब 11–12 लाख रुपए इस आयोजन पर खर्च करता है। ग्रामवासी इसे अपनी श्रद्धा और परंपरा के रूप में निभाते हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport